समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# जयपुर : मुख्यमंत्री निवास पर यूनिसेफ प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्रे ने की CM भजनलाल से भेटं, महिला-बाल विकास और शिक्षा पर हुई सार्थक चर्चा

राजेश चौधरी

Published on 07 May 2026



राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

मुख्यमंत्री निवास पर आज यूनिसेफ की प्रतिनिधि सुश्री सिंथिया मैककैफ़रे ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान महिला एवं बाल विकास, पोषण, शिक्षा और बाल अधिकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं एवं बच्चों के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ के सहयोग से राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से धरातल पर उतारने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

बैठक के दौरान पोषण सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बाल सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सुधार आवश्यक है।

यूनिसेफ प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ़रे ने राजस्थान सरकार द्वारा महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने भविष्य में यूनिसेफ और राज्य सरकार के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.